# सनातन संस्कृति का कभी अंत नहीं

## पं .दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सागर में कार्यकर्ता दिवस पर गोष्ठी में मुख्यमंत्री ने कहा, वाचनालय की स्थापना होगी

नवभारत न्यूज

**सागर 25 सितंबर.पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर कार्यकर्ता दिवस गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ. इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.**



मुख्यमंत्री ने कहा हमारी संस्कृति प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीने की प्रेरणा देती है. हमारी परंपराएं सनातन संस्कृति की हैं, जिसका कभी अंत नहीं होगा. हम वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिन: के भाव को जीवन में धारण करते हैं. उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्मबोध दर्शन हमें सिखाता है कि जैसे हमारे प्राण हैं, वैसे ही पेड़-पौधे, जल, वायु और प्रकृति के हर घटक में जीवन है. यही कारण है कि हमारे देश में पर्व-त्योहार भी प्रकृति की पूजा से जुड़े हुए हैं. डॉ. यादव ने कहा हस्ती मिटती नहीं मिटाने से, यह हमारी सनातन संस्कृति है. हम जियो और जीने दो के मूल सिद्धांत पर चलते हुए जीवन और प्रकृति में संतुलन बनाते हैं. मुख्यमंत्री ने जीवन के सूक्ष्म और बाह्य शरीर, पंचभूतों, चेतना और समाज में सेवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. इस अवसर पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री व विधायक गोपाल भार्गव, सांसद लता बानखेड़े, प्रदीप लारिया, वीरेंद्र सिंह लोधी, मुकेश चतुर्वेदी,श्याम सुंदर शर्मा उपस्थित रहे.

विधायक शैलेन्द्र जैन ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सागर में एक वाचनालय का निर्माण कराया जाए, जहाँ पं. दीनदयाल जी सहित महान विभूतियों से जुड़े प्रेरणादायी साहित्य उपलब्ध हो. मुख्यमंत्री ने विधायक श्री जैन की इस मांग को तुरंत स्वीकार करते हुए घोषणा की कि प्रत्येक संभाग, जिला और नगर स्तर पर गीता भवन निर्माण कराने का संकल्प लिया गया है. सागर में भी हम इसी भाव से वाचनालय का निर्माण कराएंगे. जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि दीनदयाल जी का विचार था दरिद्र नारायण की सेवा ही सच्ची नारायण सेवा है. इस दौरान महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सारोठिया, पूर्व विधायक श्रीमती सुधा जैन, विष्णु आर्य, कृष्णवीर सिंह ठाकुर, जगन्नाथ गुरैया, मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, नीरज यादव, मेघा दुबे, नीलम अहिरवार, मनीष चौबे, विक्रम सोनी, यश अग्रवाल, शैलेश केसरवानी, जाहर सिंह, प्रासुख जैन, नितिन सोनी, धरमू राय, डॉ. विनोद पंथी, जिनेश साहू, रीतेश तिवारी, धर्मेन्द्र खटीक, हेमंत यादव, देवेंद्र अहिरवार, कन्हई पटेल, नीरज गोलू कोरी, अमन चौरसिया, रामू ठेकेदार, मनोज चौरसिया, डब्बू साहू, नीरज जैन, विशाल खटीक, देवेंद्र पप्पू फुसकेले, आलोक केसरवानी, सविता साहू, वैदेही पुरोहित, याकृति जड़िया, पूजा राधेश्याम सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# पुरानी बुराई पर से युवक की हत्या

## रहली थाना क्षेत्र के छिरारी में तीन दिन पूर्व मिला था युवक का शव, आरोपी को जेल भेजा

नवभारत न्यूज

**सागर 25 सितंबर. रहली थाना अंतर्गत छिरारी मार्ग पर खेत के सामने युवक की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

थाना प्रभारी रहली उपनिरीक्षक सुनील शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व ग्राम छिरारी में चक्रेश जैन के खेत के सामने रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है की सूचना मिली थी. पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर तस्दीक की गई, जिसकी पहचान दीपक साहू निवासी चांदपुर के रूप में हुई. शव का पीएम कराया जाकर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया. मर्ग जांच के दौरान फरियादी जमुना साहू के कथनों में यह तथ्य सामने आया कि दीपक की मृत्यु किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट कर चोट पहुँचाने से हुई है. कथनों के आधार पर थाना रहली में हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया था. वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी रहली प्रकाश मिश्रा के निर्देशन में थाना रहली पुलिस द्वारा की गई सघन पतारसी के दौरान लगातार जुटाई गई सूचनाओं,साक्ष्यों के आधार पर संदेही रामसेवक पिता हीरालाल साहू उम्र 58 वर्ष निवासी छिरारी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई. पूछताछ पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि करीब 08 माह पूर्व मृतक दीपक साहू उसकी दुकान पर कार्य करता था, बाद में नौकरी छोड़कर अन्यत्र कार्य करने लगा तथा ग्राहकों को उसके विरुद्ध भड़काने लगा था. साथ ही दीपक का आना-जाना लक्ष्मी व हल्ली प्रजापति के घर होने से आरोपी ने उसे मना किया था. आरोपी ने दीपक को लक्ष्मी प्रजापति के घर पर देखकर गुस्से में आकर हत्या करने की योजना बनाई. उसी रात आरोपी ने चकेश जैन के खेत के पास दीपक को रोककर लोहे के पाइप से वार कर उसकी हत्या कर दी. आरोपी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप बरामद किया गया. आरोपी रामसेवक साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है. जहां से न्यायालय के आदेश से आरोपी को जेल भेजा गया. इस प्रकरण के अज्ञात आरोपी को पकड़ने में विनोद विश्वकर्मा, आशीष चौबे, राहुल कुसमरिया, सुरेन्द्र यादव, सतेन्द्र, जितेन्द्र प्यासी, रवि पटेल, सुनील दुबे का योगदान रहा.

## एक नजर में



### फार्मासिस्ट डे पर कनेरा गौड़ में स्वास्थ्य शिविर

**सागर.** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर ऐडीना फार्मेसी कॉलेज द्वारा ग्राम कनेरा गौंड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रतीक जैन और डॉ. विवेक जैन ने किया. संचालन डॉ. हर्षिता जैन ने किया. डायरेक्टर डॉ. सुनील जैन एवं अध्यक्ष राजेश जैन ने शुभकामनाएं दी. शिविर में ग्रामीणों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की गई.कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती मंजू कुर्मी एवं उपसरपंच गोरेलाल पटेल, डॉ. महेश सुमन ने शिविर में ग्रामीणों को परामर्श एवं सेवाएँ प्रदान कीं. इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती मीनाक्षी बड़ोन्या, श्रीमती मंशा जैन ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया.



### विवि कर्मी के निधन पर शोक सभा आयोजित

**सागर.** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संचार एवं पत्रकारिता विभाग में कार्यरत भागीरथ यादव के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई. इस इस अवसर पर डॉ. अलीम अहमद खान, डॉ. विवेक जायसवाल ने कहा कि वे सभी के लिए सहज थे, किसी विद्यार्थी या सहयोगी की छोटी-बड़ी समस्याओं को सुलझाने में उनकी बड़ी भूमिका रहती थी.



### यात्री बसों की लेटलतीफी से परेशान

**गौरझामर.** यात्री बसो के कम आवागमन से यात्रियों को हो रही है काफी परेशानी यात्री अपने गंतव्य तक सही समय पर नहीं पहुंच पा रहे है, घंटों इंतजार करना पड़ रहा है. बसों का स्कूल के बच्चे कॉलेज के छात्र-छात्राएं अपने निश्चित समय पर बसों के न आने के कारण समय पर कॉलेज व स्कूल नहीं पहुंच पाए. इस कारण यात्रियों में काफी आक्रोश दिखा. कम बसों के संचालन से यात्रियों को भीड़ में मजबूरी में सफर करना पड़ा है.



### सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन

**राहतगढ़.** नगर परिषद परिसर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया. सिविल अस्पताल से डॉ. लक्ष्मण यादव, डॉ. नरेश साहू और लैब स्पेशलिस्ट प्रशांत कुमार ने 65 नगर परिषद के सफाई कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शिविर लगाया गया. शिविर का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच कराकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है और साथ ही कर्मचारियों के साथ साथ नगर के नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना भी बढ़ाना है. इस मौके पर राजस्व निरीक्षक महेश गौर, मनोज तिवारी नितिन कोरी, रमेश कोरी, अरुण पाराशर, शशि सोनी, असरफ ख़ान, पुष्पेंद्र राजपूत, सतीश सिलावट, मुसब्बिर पठान, राहुल अग्रवाल, महेन्द्र चौरसिया, मोनू सेन एवं कर्मचारी मौजूद थे.

# त्रिदिवसीय गरबा महोत्सव का समापन समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 25 सितंबर. शारदीय नवरात्र के अवसर पर सांसद डॉ. लता वानखेड़े की पहल पर मकरोनिया में वैदिक रास संस्कृति गरबा महोत्सव द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गरबा महोत्सव संपन्न हुआ.**

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि आज तक हमने कई गरबा नृत्य के आयोजन देखे हैं, लेकिन यहां पहली बार ऐसे विशेष बच्चों को मंच मिला है, क्योंकि ऐसी बच्चों के भी मन में सपने और उमंग होती है, वे भी समाज में कुछ कर दिखाना चाहते हैं. तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का शुभारंभ विधि-विधान से माता रानी की आरती के साथ हुआ, जहां सांसद डॉ. वानखेडे, विधायक प्रदीप लारिया, जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम तिवारी, दीपू भार्गव, पं. केशव गिरी महाराज, ननि अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष हरिराम सिंह ठाकुर, प्रभु पटेल, रितु सिंह राजपूत आदि मौजूद रहीं.

# श्रद्धांजलि योजना प्रदेश के लिए मॉडल बनेगी

नवभारत न्यूज

**सागर 25 सितंबर. सागर जिले में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिए कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा शुरू की गई श्रद्धांजलि योजना संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए मॉडल बनेगी एवं आप सभी और आगे बढ़े इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार आपके साथ हमेशा खड़ी है.**

उक्त विचार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत 100 से अधिक लाभान्वित ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए सागर में व्यक्त किए.



मुख्यमंत्री ने सागर में कहा कि कलेक्टर के द्वारा श्रद्धांजलि योजना के माध्यम से सभी विभागों में 100 से अधिक अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है, यह योजना न केवल सागर के लिए बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए मॉडल बनेगी. इस अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेंद्र जैन, प्रदीप लारिया, वीरेंद्र सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, गौरव सिरोठिया अपर कमिश्नर पवन जैन मौजूद रहे.

## आज निकलेगी झंडा चढ़ावा यात्रा

**राहतगढ़.** सन् 1992 नवरात्रि से प्रारंभ हुई राहतगढ़ की यह झंडा चढ़ावा यात्रा का 33वां वर्ष है. प्रति नवरात्रि अनुसार इस नवरात्रि भी पैदल झंडा चढ़ावा यात्रा नवरात्रि की पंचमी को आज समय प्रात: 9 बजे से मां ज्वाला मंदिर वार्ड 15 रामनगर से मां ज्वाला देवी मंदिर जलंधर के लिए प्रस्थान करेगी. यात्रा प्रभारी प्रीतम उस्ताद ने बताया कि यह यात्रा नगर के अमन चैन सुख शांति समृद्धि कामना को लेकर निकल जाती है, इस बार मां ज्वाला को 70 मीटर का झंडा चढ़ाया जाएगा.

# गौमांस को कर मुक्त करने के विरोध में ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**बीना 25 सितंबर. विश्व हिंदू परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अंबर पंथी को ज्ञापन सौंपा.**

उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया कि सरकार द्वारा गौमांस को कर मुक्त करने की अधिसूचना जारी की गई है. पत्र में उल्लेख किया गया है कि हाल ही में राजपत्र में प्रकाशित गौमांस कर मुक्ति संबंधी अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाये. म.प्र.गौ संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार गौमांस एवं उसकी संतति के मांस पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए. यदि यह अधिसूचना तत्काल वापिस नहीं ली गई, तो म.प्र. में व्यापक असंतोष एवं अशांति की स्थिति उत्पन्न हो सकती है. ज्ञापन में कहा गया है कि इस संवेदनशील विषय पर शीघ्र अतिशीघ्र उचित निर्णय लेकर गौ माता की रक्षा का दायित्व निभाये.




ज्ञापन सौंपने वालों में विवेक राजपूत, शिवम पाठक, शुभम नामदेव, जसविंदर सिंह, यशवंत कुर्मी, पुष्पेंद्र चौबे, सुमित यादव, राजेंद्र यादव सहित अनेक लोग मौजूद थे.

## बाल मेला आयोजित

**रहली.** सांदीपनि विद्यालय रहली में प्री प्राइमरी के छात्रों का बच्चों के सीखने के स्तर का गतिविधि आधारित आकलन अभिभावकों के समक्ष किया गया. इस प्रक्रिया हेतु 6 स्टॉल लगाये गए जिनमे स्थूल गत्यात्मक कौशल, सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल,संज्ञानात्मक विकास और संख्या पूर्व कौशल,भाषा विकास एवं आरंभिक साक्षरता, सामाजिक एवं भावनात्मक गतिविधियों के माध्यम से किया गया. कार्यक्रम प्रभारी नीरज नेमा ने बताया कि ईसीसीई आकलन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास का मापन करना है.

# विश्व नदी दिवस मनाया गया




नवभारत न्यूज

**सागर 25 सितंबर. सांदीपनि विद्यालय में विश्व नदी दिवस मनाया गया.**

इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को नदियों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में बताया. कार्यक्रम में छात्रों ने नदियों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया विद्यार्थियों ने स्लोगन और पोस्टर बनाकर नदी बचाने का संदेश दिया. अंत में सभी ने शपथ ली कि वे नदियों को प्रदूषित नहीं करेंगे और उनके संरक्षण के लिए समाज में जागरूकता फैलाएँगे.

कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी के नेतृत्व में हुआ जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने सहभागिता की.

# स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की शपथ




नवभारत न्यूज

**सागर 25 सितंबर. स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग एवं विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार पर महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष संस्था प्रमुख डॉक्टर संजय खरे ने शपथ दिलाई.**

जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मिश्रा ने कहा कि आप लोग स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करें, जो देश का है वही विशेष है, विदेशी छोडो स्वदेशी जोड़ो. राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सरिता जैन ने कहा कि आप इन संगठनों से जनता को जागृत करें और जोड़ें. वही कहा कि स्वदेशी से होगा विकास यही है भारत का विश्वास, स्वदेशी वस्तु स्वाभिमान का प्रतीक है. इस दौरान डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. मोनिका हार्डीकर, डॉ. हरिओम सोनी, डॉ. अर्चना दुबे, ग्रंथपाल नेहा दुबे, वैशाली जाटव शिवानी कोरी, मनीषा अहिरवार, रक्षा रजत मौजूद थीं.

# जांच के नाम पर सरकारी अस्पतालों में हुए फर्जीवाड़े की उच्च स्तरीय जांच हो

नवभारत न्यूज

**सागर 25 सितंबर. राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करने वाली अनुबंधित कंपनी द्वारा जिलें सहित प्रदेश में फर्जी मरीजों और काल्पनिक जांचों को दिखाकर करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने के मामलें में उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री राजेन्द्र शुक्ल को पत्र लिखकर विस्तृत शिकायत सौंपी है.**

पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी द्वारा प्रदेश में हुये फर्जीवाड़ा की जानकारी और दस्तावेजों के आधार पर उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जांच की मांग की हैं. पूर्व सीएम श्री सिंह ने पत्र में कहा कि कई सरकारी अस्पतालों में मरीजों के सैंपल इस कंपनी की प्रयोगशालाओं में भेजे जाते हैं. कंपनी के कर्मचारियों ने ही इसके भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी की पोल खोली है, कंपनी के विरुद्ध आयकर चोरी के मामले भी दर्ज हैं, इसके अलावा कंपनी द्वारा तैयार किए गए मरीजों के नाम और मोबाइल नंबर अस्पतालों के वास्तविक रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते. उन्होंने कहा कि यदि इन आंकड़ों का प्रदेश के सभी अस्पतालों के रिकॉर्ड से मिलान कराया जाए तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताएं उजागर होंगी.

पूर्व सीएम श्री सिंह ने कहा कि यह मामला केवल भ्रष्टाचार का ही नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता से भी जुड़ा हुआ है. यह प्रदेश के आम नागरिकों के साथ विश्वासघात है. सरकार को चाहिए कि वह उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करे और सच्चाई सामने लाकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करे. पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि यह घोटाला न केवल सरकारी खजाने के बड़े नुकसान को इंगित करता है, बल्कि सरकारी अस्पतालों में सेवा गुणवत्ता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है.

## निगम परिषद का सम्मेलन आज होगा

**सागर.** नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन 26 सितंबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार,महापर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री एवं पार्षदों की उपस्थिति में नगर निगम कार्यालय के पुराने सभाकक्ष में आहूत किया गया है. सम्मेलन में 20 विषयों को रखा गया है. जिनमें अधिकांश विषय पिछली परिषद के सम्मेलन के निर्णयों पर पुर्नविचार करने को लेकर इस सम्मेलन में शामिल किए गए हैं.


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं स्वतंत्र कुमार जैन S/O निर्मल जैन निवासी-वर्णी कॉलोनी, कटरा वार्ड नं- 27, सागर म.प्र.। सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम स्वतंत्र जैन दर्ज है जो कि मैंने बदलकर स्वतंत्र कुमार जैन कर दिया है जो कि मेरे मौजूदा समस्त दस्तवेजों में दर्ज है। अत: मैं सूचित करता हूं कि भविष्य में मुझे मेरे सही नाम यानी स्वतंत्र कुमार जैन S/O निर्मल जैन के नाम से ही जाना और पहचाना जावे।

सूचनाकर्ता
स्वतंत्र कुमार जैन S/O निर्मल जैन
निवासी-वर्णी कॉलोनी, कटरा वार्ड नं- 27,सागर
तहसील व जिला सागर म.प्र.

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं सीमंत पटेल पिता श्री परमानंद पटेल मकान नं.18 पुराना माता मढ़िया, चंद्रशेखर वार्ड सागर तहसील व जिला सागर का निवासी हूँ। यह कि मेरी पुत्री आसना सिंह पटेल सेंट जोसेफ कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सागर में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत है। यह कि मेरी पुत्री की अंकसूची एवं अन्य स्कूली दस्तावेजों में उसका नाम ASHNA SINGH PATEL नाम लिखा है।जबकि उसके आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में उसका नाम AASHNA SINGH PATEL लिखा है जो कि सही है। यह कि मेरी पुत्री के स्कूल के समस्त दस्तावेज में नाम सुधार कर AASHNA SINGH PATEL कर दिया जावे।

सूचनाकर्ता
सीमंत पटेल


# राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए जैन मिलन सदस्य

नवभारत न्यूज

**सागर 25 सितंबर. भारतीय जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 ने निर्यापक श्रवण मुनि पुगव श्री सुधा सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में अशोकनगर में राष्ट्रीय जिन शासन एकता मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लिया.**

जैन मिलन के सदस्यों ने खुरई बीना भौरासा थूवोन अशोकनगर अतिशय तीर्थक्षेत्रो की वंदना कर गुरु दर्शन का लाभ प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय सम्मेलन में देव शास्त्र गुरु एवं तीर्थ क्षेत्रो की रक्षा करने का संकल्प लिया. इस राष्ट्रीय भ्रमण दल में अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष, संजय जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डालचंद जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जैन शाखा अध्यक्ष, राजेश जैन प्राचार्य, मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र जैन, मंत्री राकेश जैन छुल्ला क्षेत्रीय संयोजक विनोद जैन, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री राजेश मलैया,उप मंत्री मनीष जैन, आनंद जैन, इंजीनियर दिनेश जैन, रवि जैन, अनिमेष जैन, महेश जैन, प्रसून जैन, ऋसभ जैन, प्रमोद बजाज, जिनेंद्र जैन, महेश जैन, विमल जैन, विनोद जैन, उत्तमचंद जैन मौजूद थे.



# अतिथि विद्वानों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 25 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को शासकीय महाविद्यालयों में लगभग 25 वर्षो से कार्यरत उच्च शिक्षित अतिथि विद्वानों ने नियमितीकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा.**

अतिथि विद्वान महासंघ के जिलाध्यक्ष डॉ.प्रहलाद सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि अतिथि विद्वान तीन दशक से अस्थाई रूप से सेवाएं देते आ रहे है, परमानेंट प्रोफेसर के समान शैक्षणिक,अशैक्षणिक समस्त कार्य करते है, यूजीसी योग्यता व अनुभव रखते हैं सरकार अतिथि विद्वानों को हरियाणा सरकार की तर्ज पर 65 वर्ष रिटायर आयु तक निश्चित वेतन पर समायोजित कर नियमित किया जाए. इस अवसर पर सांसद डॉ लता वानखेड़े और विधायक शैलेंद्र जैन को भी अवगत कराया. इस दौरान डॉ.मनीष जैन, डॉ. जयनारायण यादव,डॉ.संजय राय मौजूद थे.

